PlanetRead

Literacy for a Billion

Movie: Heera
Year: 1973

Song: Main Tujhse Milane Aayee
Lyricist: Indeevar

मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने
मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने
बाबुल से झूठ बोली
सखियों से झूठ बोली
मैं बन गई बिल्कुल भोली
अरे ओ भोली
तू झूठ कहाँ बोली
तू झूठ नहीं बोली
प्यार को ही पूजा कहते हैं
प्यार के परवाने
मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने
मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने
हो ...
आँखों में जब तेरी सूरत
फिर कोई मूरत क्या है
हो ...
आँखों में जब तेरी सूरत
फिर कोई मूरत क्या है
प्यार किया हो जिसने उसे
पूजा की ज़ुरूरत क्या है
मैंने सारा जीवन
कर दिया तुझको अरपन
हो गई मैं तेरी मीरा
तुझको मान लिया मोहन
ना जाने क्या देखा तुझमें
नैन हुए दीवाने
मैं तुझसे मिलने ...
मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने
मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने
हो ...
ग़ैर के हाथ में ना दे दे कहीं
बाबुल मोरी बैयाँ
हो ...
ग़ैर के हाथ में ना दे दे कहीं
बाबुल मोरी बैयाँ
चाल समय की पहचानो तुम
खुद को बदलो सैयाँ
किसमें इतना है बल
छू ले जो तेरा आँचल
तू हमारी होगी
अपना दावा है अटल
मोड़ दें हम तो समय की धारा
ऐसे हैं मस्ताने
मैं तुझसे मिलने ...
मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने
मैं तुझसे मिलने आई
मंदिर जाने के बहाने

Disclaimer: PlanetRead does not own these lyrics and is not using them for any commercial purpose. For over 20 years, PlanetRead has been subtitling Bollywood songs for mass literacy. These lyrics are being offered as part of PlanetRead's literacy development initiative.

PlanetRead is a tax-exempt, not-for-profit: 501(c) (3) in the United States and 80(G) in India.